आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–19 अप्रैल 2024 **सान्ध्य समाचार**

सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के अंतर्गत आज प्रदेश प्रदेश की आठ संसदीय सीटों बिजनौर, मुरादाबाद, कैराना, मुजफ्फरनगर, नगीना, सहारनपुर, रामपुर और पीलीभीत के लिए शान्तिपूर्ण तरीके से मतदान हो रहा है। मतदान प्रक्रिया सुबह सात बजे से शुरू हुई। आखिरी सूचना प्राप्त होने तक शाम छह बजे तक जितने भी मतदाता मतदेय स्थलों पर कतारबद्ध थे, उनका मतदान कराया जा रहा है। आज प्रदेश की जिन आठ संसदीय सीटों पर मतदान हो रहा है, वहां कुल 80 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 7 महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 14 प्रत्याशी कैराना लोकसभा क्षेत्र में हैं, जबकि सबसे कम 6–6 प्रत्याशी नगीना और रामपुर लोकसभा क्षेत्र से मैदान में हैं। मतदान के लिये कुल सात हजार से अधिक मतदान केन्द्र और 14 हजार 842 पोलिंग बूथ बनाए गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिये प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था की गई। चुनाव आयोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार आज शाम पांच बजे तक 57 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस समय तक सहारनपुर में सर्वाधिक 63 दशमलव 46 प्रतिशत, तथा रामपुर में सबसे कम 52 दशमलव 42 प्रतिशत मतदान हुआ था। अन्य सीटों पर बिजनौर में 54 दशमलव 68, प्रतिशत, मुरादाबाद में 58 दशमल 06 प्रतिशत, कैराना में 56 दशमलव 68 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर में 54 दशमलव 9 प्रतिशत, नगीना में 58 दशमलव 05 प्रतिशत, और पीलीभीत में 60 दशमल 1 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया था।

****

लोकसभा के चौथे चरण के चुनाव की अधिसूचना कल जारी होने के साथ ही प्रदेश की तेरह सीटों–शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन संसदीय क्षेत्रों में पत्र 25 अप्रैल तक दाखिल किये जा सकेंगे। मतदान आगामी 13 मई को कराया जायेगा। इन 13 संसदीय सीटों के लिये नामांकन इसके साथ ही लोकसभा के तीसरे चरण के लिए भी नामांकन–पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। तीसरे चरण में प्रदेश की दस संसदीय सीटों–संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं और बरेली और आंवला में 7 मई को वोट डाले जायेंगे। तीसरे चरण के लिये नामांकन दाखिल करने की आज आखिरी तारीख थी।

****

लोकसभा चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न राजीनितिक दलों के प्रमुख नेताओं की तरफ से चुनाव प्रचार लगातार तेज किया जा रहा है। प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने आज अमरोहा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केन्द्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने की अपील की। श्री मोदी ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए वह दिन–रात काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दल तुष्टिकरण की राजीनीति करते हैं और उत्तर प्रदेश के लोग उनके खेल को समझते हैं। श्री मोदी ने कहा कि पूर्व की सरकारों मे उत्तर प्रदेश की पहचान पिछड़े राज्य की थी जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अब इसकी पहचान अपराध मुक्त और विकासपरक राज्य की है। मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने अमरोहा में नरेन्द्र मोदी के साथ मंच साझां करने के साथ ही बुलंदशहर और गाजियाबाद में भी जन सभाओं को संबोधित किया। श्री योगी ने कहा कि लोगों के रूझान से यह तय हो गया है कि देश की जनता एक बार फिर मोदी सरकार को चुनने के लिए उतावली है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज गौतमबुद्ध नगर में चुनावी जनसभा को संबोधित कर पार्टी प्रत्याशी को जीताने की अपील की। उन्होंने कहा कि इण्डिया गठबंधन इस बार भाजपा से मुकाबले के लिए तैयार है। अखिलेश यादव ने कहा कि जब भी इलेक्टोरल बॉन्ड की बात हो रही है तब भाजपा के नेता घबरा जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र में इण्डिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों और नौजवानों के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य किये जाएंगे।

****

लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो, इसके लिए निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर विभिन्न जिलों मे मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। वाराणसी जिले में आज सनातन धर्म इण्टर कॉलेज में मतदाता जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कर लोगों को मतदान का महत्व समझाया गया। जौनपुर में एक अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को मतदान करने का संकल्प दिलाया गया। गोरखपुर में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में एक कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने मतदान के दिन वोट डालने की शपथ ली। चित्रकूट जिले मे भी विभिन्न विद्यालयों में मतदाता जागरूकता से जुड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

****

प्रदेश शासन ने लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस में ड्यूटी करने वाले होमगार्ड्स स्वंय सेवकों के ड्यूटी भत्ते के अग्रिम भुगतान की मंजूरी दे दी है। इसके तहत चुनावी ड्यूटी में तैनात होने वाले होमगार्ड्स को ड्यूटी भत्ते के मद में दी जाने वाली धनराशि का चालीस प्रतिशत अग्रिम भुगतान किया जाएगा। इस व्यवस्था का लाभ करीब पचास हजार होमगार्ड्स को मिलेगा जिनकी ड्यूटी अलग–अलग चरणों में लगायी जाएगी।

****